## खबर संक्षेप

### लोकमाता देवी अहिल्या बाई की जयंती पर होंगी विभिन्न गतिविधियां

**सतना।** शासन के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300वीं जयंती वर्ष पर संपूर्ण राज्य एवं उन सभी धार्मिक नगरों जहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई की ओर से विभिन्न कार्य कराए गए हैं,उन स्थलों पर प्रेरणा उत्सव के रूप में विविध सांस्कृतिक-अकादमिक,सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप की गतिविधियां संबंधित विभागों के माध्यम से की जाएगी। मार्च माह से 31 मई तक ऐसे सभी स्थानों पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन/अवदान से संबंधित गतिविधियां कैलेंडर एवं कार्ययोजना अनुसार विविध गतिविधियां की जाएगी। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए जिला स्तर पर आयोजन को पूर्ण कराने के लिए समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

### बड़े सटोरियों ने दूसरे शहरों में बनाया अड्डा, खिलाड़ी लोकल

# आईपीएल सट्टाः फर्जी मोबाइल सिम से हो रहा बड़ा खेल!!

**सतना।** आईपीएल सट्टेबाजी का बड़ा कारोबार पूरे मध्यप्रदेश में पुलिस की चोरी छिपे चल रहा है। सट्टा खेलने वालों में सतना के सैकड़ों लोग शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि आईपीएल का सट्टा खिलाने वाले बड़े किंग दूसरे शहरों में बैठकर वहां से अपना नेटवर्क चला रहे हैं। इन लोगों ने शहर में अपने गुर्गे छोड़ रखे हैं। जिनके जरिए रकम का लेनदेन होता है।सूत्रों की बात पर अगर यकीन किया जाए तो बड़े खाई बाज कटनी,ज बलपुर, ग्वालियर,इंदौर और दिल्ली में बैठकर सतना के लोगों को आईपीएल का सट्टा खिला रहे हैं। ऑनलाइन खेले जाने वाले इस खेल के लिए मोबाइल नंबर बांटे जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि यह ऐसे मोबाइल नंबर होते हैं जिन्हें सटोरिए दूसरों के नाम से एलाट करते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि सट्टा खिलाने वालों का नंबर पुलिस सर्चिंग में लगा रखती है। इसलिए उनके द्वारा नए नंबर लेकर खिलाड़ियों को बांट दिए जाते हैं इस नंबर के जरिए खेलने और खिलौने वाले का कांटेक्ट होता है।

### बदलते रहते हैं ठिकाने

आईपीएल सट्टा कारोबार को लेकर सूत्र बताते हैं बड़े सटोरियों द्वारा सतना में तैनात किए गए गुर्गे दिन भर अपना ठीहा ही बदलते रहते हैं। यह लोग बाजार क्षेत्र में अक्सर चाय,पान की दुकानों के अलावा ऐसी जगह पर देखे जाते हैं,जहां पर कम भीड़ रहती है और उनके लिए वह इलाका सुरक्षित रहता है।

### बड़ी कालोनियां चर्चा में

सूत्रों की बात पर अगर भरोसा किया जाए तो आईपीएल सट्टेबाजी को लेकर के मौजूदा समय में पन्ना रोड स्थित पेप्टिक सिटी,लोटस सिटी,निशांत विहार कॉलोनी,राम विहार कॉलोनी,सिंधी कैंप,बांधवगढ़ इलाका चर्चा में रहता है। सूत्र बताते हैं कि यहां पर लोग महंगे घरों को रेंट पर लेकर अपना काम करते हैं। ऐसा माना जाता है कि सटोरियों के लिए यह इलाके काफी सुरक्षित है।



### सट्टे में बर्बाद हो चुके हैं कई लोग

बाजार के सूत्र बताते हैं कि आईपीएल सट्टे का कारोबार कोई नया नहीं है। इसके पहले भी बाजार में आईपीएल का सट्टा खेलने के कारण कई लोग बर्बाद हो चुके हैं। कई ऐसे युवा मोटी रकम हार चुके हैं जिनका पैसा उनके परिजनों ने चुकाया है। इसी तरह का सिलसिला मौजूदा समय भी मैं भी चल रहा है। लोग उधार लेकर सट्टा खेल रहे हैं और अपने ऊपर कर्ज बढ़ाते जा रहे हैं।

### पुलिस के लिए बने चुनौती

आईपीएल सट्टा कारोबारी पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। वैसे तो हर मोहल्ले में पुलिस का एक बीट अधिकारी होता है लेकिन सट्टेबाज इतने शातिर हैं कि उनकी खबर पुलिस तक नहीं पहुंच रही है। सिटी कोतवाली के टी आई रावेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सट्टेबाजों पर पुलिस की पैनी नजर है। जानकारी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हाईटेक मशीन से खेल

सटोरियों ने हाईटेक जमाने में खुद को भी हाईटेक कर लिया है। अब फोन पर कॉल या मैसेज के बजाय ज्यादातर बुकी व्हाट्सएप या अन्य इंटरनेट मीडिया साइट्स ले रहे हैं। सट्टा खिलाने के लिए हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सीधे-सीधे बुकिंग हो जाती है। दांव जीतने पर पेमेंट की जानकारी भी इसी तरह से दी जा रही है।ऑनलाइन पेमेंट भी आसानी से कर सकते हैं।

## मोटर साइकिल से पुलिस ने किया भ्रमण, संदेश देकर कहा किसी को डरने की जरूरत नहीं

**मैहर।** पुलिस ने शहरी क्षेत्र में बाइक रैली के माध्यम से उन तंग गलियों में जाकर कड़ा संदेश अपराध और अपराधियों के बीच दिया कि पुलिस अब कहीं भी कभी भी पहुंच सकती है। कोई यह न समझे कि वह तंग गलियों में बैठकर कोई अपराध घटित कर सकता है। मैहर पुलिस ने शहर की गलियों में घूमकर जनता को यह संदेश दिया कि उन्हें किसी भी अपराध या अपराधी से डरने की जरूरत नहीं। कभी भी किसी भी वक्त कहीं भी जनता को लगता है कि कोई अपराध घटित हो सकता है कोई अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा है तुरंत सूचित करें। मैहर पुलिस अविलंब पहुंच कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। बाइक रैली के माध्यम से पुलिस ने यह भी संदेश दिया कि प्रदेश सरकार ने धार्मिक नगरी मैहर के नगरपालिका क्षेत्र के चौबीसों वार्ड में शराब के कारोबार को प्रतिबंधित किया है। अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई है इसलिए कहीं भी आपको लगे कि शराब बिक रही है पुलिस को सूचित करे साथ ही पुलिस ने तमाम शहरी क्षेत्र का भ्रमण कर कई संभावित ठिकानों में दबिश दी वो हिदायत दी कि अगर कोई शराब बेचते पकड़ा गया तो सख्त कार्यवाही बेचने और उपलब्ध कराने वाले दोनों पर सुनिश्चित की जाएगी। मैहर पुलिस ने साफ शब्दों में कहा कि अवैध शराब के लिए अब इस धार्मिक नगरी में कोई जगह नहीं इसलिए कारोबारी क्षेत्र छोड़ दे या इस व्यापार को बंद कर दे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बेला में लगाई गई जल चैपाल

**जन-जन को जगाने जन अभियान परिषद की टीम सक्रिय**

**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में अमरपाटन विकासखंड की नवांकुर संस्था अस्तित्व पब्लिक वेलफेयर सोसायटी बेला एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के द्वारा 2अप्रैल 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल चौपाल आयोजित हुआ। जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणजन और प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के समक्ष जल के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि जल संपूर्ण जीवों की मुख्य आवश्यकता है और अगर ये समाप्त हो गया तो गांव में खेती होना बंद हो जाएगी, पशु जीवित नहीं रहेंगे, पेड़ पौधे सूख जायेंगे। ऐसे भयावह परिस्थिति में मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। अतः समय रहते हमें अपने ग्राम के जल स्त्रोतों के संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित महिला कला दल द्वारा जल संरक्षण पर आधारित सामूहिक गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों को जल बचाने की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जन समूह द्वारा तालाब के किनारे गंगा आरती के माध्यम से जल की पूजा-अर्चना कर उसे संरक्षित करने की सामूहिक शपथ ली गई।

## क्या हवाई अड्डे की जमीन से अतिक्रमण हटा पाएगा जिला प्रशासन?

### 126 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा, विधानसभा में उठ चुका है सवाल

**सतना।** हवाई पट्टी की 126 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण की बात अब पुरानी हो चुकी है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या हवाई अड्डे की उस जमीन को जिला प्रशासन मुक्त कर पाएगा जिस पर अतिक्रमणकारी काबिज हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2024 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद गणेश सिंह ने कहा था कि हवाई पट्टी की जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी और नाइट लैंडिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा मध्य प्रदेश की विधानसभा में भी हवाई पट्टी की जमीन पर अतिक्रमण की चर्चा हो चुकी है। विधानसभा में यह भी सवाल उठाया गया है कि आखिर हवाई पट्टी में रनवे छोटा क्यों बनाया गया है।

### देखते-देखते लापरवाही और मनमानी

एयरपोर्ट अथारिटी के हिसाब से यहां केंद्र सरकार के नभ विभाग के पास कुल 451.66 एकड़ भूमि होनी चाहिए। यह तीन पटवारी हल्कों में विस्तृत है। करोड़ों रुपए खर्च करके हवाई पट्टी तैयार कर दी गई लेकिन अभी तक हवाई जहाज भी नहीं उतर पा रहे हैं। वायदे किए गए थे कि 2024 में हवाई पट्टी चालू कर दी जाएगी। लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन साल गुजर गया 2025 के तीन महीने भी गुजर गए अभी तक हवाई सेवा सुचारु रूप से शुरू नहीं हो पा रही है।बताते हैं कि जमीन तीन पटवारी के क्षेत्र में है। पहला डिलौरा में 164.84 एकड़,कोलगवां में 155.93 एकड़ और सोनौरा चेक उतैली 130.89 एकड़ है।परंतु एयरपोर्ट अथॉरिटी के हाथ में मौजूदा समय में 325 एकड़ भूमि ही बची है। शेष 126.2 एकड़ भूमि गायब हो गई। जिसके कारण अब सतना एयरपोर्ट को विस्तार करने के लिए नभ विभाग को अपनी जमीन को वापस पाने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। जिम्मेदार हवाई अड्डे की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटा सके।यह खुलासा विमानपत्तन निदेशक रामजी अवस्थी के उस पत्र से हुआ है जो उन्होंने कलेक्टर को लिखा है। साथ ही यह भी याद दिलाया है कि नवंबर 2023 में जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आज की स्थिति में सतना हवाई अड्डे की 451 एकड़ जमीन का ज्यादातर हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में है।



## शराबबंदी के तीसरे दिन मैहर में अवैध शराब पकड़ी

**जपं उपाध्यक्ष बोले अगर प्रशासन ने बिक्री नहीं रोकी तो आम जनता करेगी कार्रवाई**



**सतना।** धार्मिक नगरी मैहर में शराबबंदी के तीसरे दिन ही अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है। जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी और ग्रामीणों ने सूचना के बाद बोलेरो को रोका,जिसमें बड़ी मात्रा में शराब भरी हुई थी,पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शराब के साथ बोलेरो को जब्त कर लिया।

### शराब से भरी बोलेरो को पकड़ा

जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी के अनुसार गुरुवार सुबह 9 बजे डेलहा मोड़ पर शराब से भरी एक बोलेरो जा रही थी,जिसे ग्रामीणों की मदद से हमने रोका और तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर लिया है। त्रिपाठी ने भाटिया ग्रुप पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह ग्रुप पूरे मैहर जिले में अवैध शराब की पैकारी करवाता है। इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए गांव-गांव में अपनी टीम बना ली है। त्रिपाठी बोले अगर प्रशासन और पुलिस अवैध शराब बिक्री नहीं रोकेंगे तो वे और आम जनता खुद कार्रवाई करेगी। वहीं वाहन चालक प्रदीप यादव ने स्वीकारा कि वह भाटिया ग्रुप की सोनवारी स्थित दुकान से रोज शराब लाता है। यह शराब मैहर और सरला नगर में पहुंचाई जाती है।कंपनी मैनेजर के आदेश पर यह काम हो रहा था। सूचना मिलते ही मैहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर लिया।



## रेल्वे के बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट में प्रगति के संबंध में चर्चा

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने गुरूवार को रेल्वे,राजस्व और आरएलडीए के अधिकारियों की बैठक लेकर सतना रेल्वे के विकास योजनाओं में प्रगति के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने प्रोजेक्ट निर्माण में राजस्व और भूमि संबंधी अडचनों की जानकारी लेकर राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान नगरनिगम आयुक्त शेर सिंह मीना,एसडीएम राहुल सिलाडिया,तहसीलदार सौरभ मिश्रा,रेल्वे के ईएनसी राजेश पटेल एवं आरएलडीए के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## एकेएस विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर 25 मार्च से 31 मार्च 2025 तक आयोजित हुआ। शिविर का समापन हर्ष और उल्लास के साथ हुआ। इस शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने दिनचर्या के अनुसार प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली, योग, व्यायाम किया तथा विद्यालय परिसर की सफाई सुनिश्चित की। इसके बाद,समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.हर्षवर्धन, प्रतिकुलपति, एकेएस विश्वविद्यालय,चेयरमैन अनंत सोनी,विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुखबंती कोरी, अध्यक्ष,नगर परिषद कोठी,रोहित सिंह,सरपंच प्रतिनिधि, रनेही पंचायत,अनुपम पाठक,व्यवस्थापक, सरस्वती विद्यालय कोठी, श्रीमती प्रियंका रानी बागरी वरिष्ठ समाज सेविका शामिल रहे। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने सात दिवसीय शिविर के दौरान किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों ने इस शिविर के दौरान न केवल स्वच्छता अभियान,योग और व्यायाम,बल्कि समाज सेवा के अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ.तिवारी ने यह भी बताया कि शिविर में स्वयं सेवकों ने समय प्रबंधन,नेतृत्व और सामुदायिक कार्यों के महत्व को समझा और उसे अपनाया। समारोह के दौरान,प्रमुख अतिथि जिला कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर समाज की सेवा और युवाओं के विकास के लिए एक अद्भुत प्रयास है। स्वयंसेवकों ने जो कार्य किए हैं,वह न केवल हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं,बल्कि इनसे समाज में जागरूकता भी बढ़ी है। इस तरह के शिविर युवाओं में नेतृत्व की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी को अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ.हर्षवर्धन ने स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है,और इस शिविर में युवाओं को इसके बारे में जागरूक किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका बागरी ने शिविर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वच्छता और समाज सेवा का कार्य केवल एक दिन का नहीं,बल्कि निरंतर प्रयासों का परिणाम होता है।

इस शिविर ने न केवल स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराया,बल्कि ग्रामीणों में भी जागरूकता फैलाई। रोहित सिंह,सरपंच प्रतिनिधि,रानीग्राम ने कहा,हमारे गांव में इस तरह के शिविर का आयोजन एक सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। इससे हमारे ग्रामीणों को न केवल स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया बल्कि वे समाज सेवा के प्रति भी सजग हुए हैं। इसमें भाग लेकर स्वयंसेवकों ने अपना आत्मविश्वास बढ़ाया और समाज के प्रति अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयंसेवकों, आयोजकों और अतिथियों का धन्यवाद किया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यों के लिए मेडल और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।समारोह की शुरुआत पारंपरिक रूप से अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके की गई। दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ,जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप

### भाजपा 6 को स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती उत्साह से मनायें- बृजेंद्र मिश्रा



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक बुधवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई में संपन्न हुई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे, पन्ना जिला प्रभारी उमेश शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी मंचासीन थे। इस दौरान आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस, 6 एवं 7 अप्रैल को भाजपा के सक्रिय सदस्यों का जिला स्तरीय सम्मेलन, 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

### जनकपुर में आम फल बहार की नीलामी 7 को

**पन्ना।** उद्यानिकी विभाग द्वारा सोमवार, 7 अप्रैल को जनकपुर स्थित नर्सरी में अपरान्ह 3 बजे कलमी आम फल बहार की नीलामी की जाएगी। इस संबंध में इच्छुक क्रेतागण को उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेने के संबंध में सूचित किया गया है। नीलामी के पूर्व कार्यालयीन समय में आम फल बहार का अवलोकन कर सकते हैं। वांछनीय शर्त अथवा अन्य जानकारी के लिए उद्यान विभाग के जिला कार्यालय अथवा रोपणी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने जांच दल का किया गठन

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं अंतर जिला व जिले में उपार्जन केन्द्रों से प्रदाय धान के सत्यापन एवं जांच कार्यवाही के लिए जांच दल गठित किया है। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को जांच दल के अध्यक्ष एवं जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया को संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। दल में सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन तथा म.प्र. वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन को सदस्य नियुक्त किया गया है। जांच दल को निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर सूक्ष्मता से जांच कर वस्तुस्थिति का जांच प्रतिवेदन संयुक्त हस्ताक्षर से सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### गेहूं उपार्जन के लिए अब 9 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**पन्ना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। समस्त किसानों से आग्रह किया गया है कि इस बढ़ाई गई पंजीयन अवधि का सदुपयोग कर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन जरूर कराएं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपए है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूं की खरीदी 2600 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

### श्रीमती मुन्नी त्रिपाठी का निधन



**पन्ना।** श्रीमती मुन्नी त्रिपाठी पत्नि श्यामसुन्दर त्रिपाठी उम्र 63 वर्ष का गत दिवस हृदय गति रूक जाने से दुखःद निधन हो गया है। जिनके पति श्यामसुन्दर त्रिपाठी जिला मुख्यालय में होमगार्ड पन्ना में प्लाटून कमाण्डर थे जो लगभग 5 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके है। श्री त्रिपाठी ग्राम सिलगी जिला पन्ना के मूल निवासी है तथा उनका निवास इन्द्रपुरी कालोनी पन्ना में भी निवास करते थे उनका पैत्रिक ग्राम सिलगी से जिला मुख्यालय पन्ना में सतत संपर्क बनाये रहते थे। किन्तु असमय उनकी पत्नि का निधन हो जाने से पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो गया है। उनके दो पुत्र है लेकिन मां के चले जाने से पूरा परिवार शोक संतप्त है।

# भगवान राम की प्रभात फेरी का जगह-जगह हुआ स्वागत





**प्रतिदिन शहर में निकली जा रही है भक्ति संगीत के साथ प्रभात फेरी, सैकड़ों युवा हुए शामिल**

**पन्ना।**

भगवान श्री राम जी जन्मोत्सव के उपलक्ष में बर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार पन्ना नगर को खूबसूरत रंगीन प्रकाश द्वारा एवं वंदनवारों से सजाया गया है, भगवान राम की काई के लिए भक्त उत्साहित है, इस बार नगर के सभी प्राचीन मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया, श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा शहर में प्रतिदिन प्रभात फेरी भी निकल जा रही है जो प्रातः 7:00 से श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मोहल्लो बड़ा बाजार, बलदेव मंदिर, कटरा, बस स्टैंड, बेनीसागर, आगरा मोहल्ला, गांधी चौक, धाम मोहल्ला, इंद्रपुरी सहित आसपास के सभी मोहल्ले में जाकर जागरण किया जाता हैं, जिसमें संगीत भजनों की मधुर धुन एवं डीजे के साथ नाचते झूमती भक्तगण प्रतिदिन प्रभात फेरी में शामिल होते हैं जिसका जगह-जगह स्वागत किया जाता है बेनीसागर मोहल्ले में निज निवास के सामने समाजसेवी धीरज उर्फ गुड्डू तिवारी प्रतिदिन प्रभातफेरी का स्वागत कर रहे, आज प्रभातफेरी में शामिल सभी भक्तों को अल्पाहार कराकर धीरज तिवारी ने फिर स्वागत किया, धीरज तिवारी ने कहा कि राम भक्तों का स्वागत करके हृदय में सुखद अनुभूति होती है प्रभात फ्री में राम जन्मोत्सव समिति के तरुण पाठक देवेंद्र सिंह बबलू यादव, सुरेश शुक्ला कल महाराज कमल लालवानी, मनोज शर्मा, जयराज पाटकर, राजकुमार वर्मा, सहित बड़ी संख्या में लोग प्रभात फेरी में शामिल हुए।

## जिला अस्पताल में महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा सुरक्षाकर्मी पर किया हमला, वार्ड पर बैठ मरीजों पर फेंका सामान



**पन्ना।**

मध्य प्रदेश में पन्ना जिला अस्पताल में आज एक महिला का हाई वोल्टेज हंगामा देखने को मिला। जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। इस महिला ने सामने जो मिला उससे अस्पताल कर्मचारियों पर हमला किया। जिसमें एक महिला सुरक्षाकर्मी घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की।

**क्या है मामला**

मामला पन्ना जिला अस्पताल का है। जहां उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब अस्पताल में भर्ती एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला ने अपने परिजनों और साफ-सफाई करने वाले कर्मचारियों को गाली देना शुरू की। इतना ही नहीं महिला ने उनपर दुष्कर्म करने के आरोप भी लगाए। वहीं जब अस्पताल की महिला सुरक्षाकर्मी ने उसे बाहर निकालने की कोशिश कि तो महिला ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद दो महिला कर्मचारी जयंती चौरसिया एवं उर्मिला पाण्डेय पर हमला कर दिया। इसकी सूचना जिला अस्पताल में बनी चौकी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। घटना में दोनों महिला सुरक्षाकर्मी के हाथ, चेहरे पर गंभीर चोटें आई है। थोड़ी ही देर बाद महिला फिर भागती हुई जिला अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड की छत पर चढ़ गई। फिर काफी देर तक वहां गाली गलौज करती रही। जिसके बाद पुलिस ने महिला के परिजनों को जानकारी दी। अस्पताल पहुंचे परिजनों के काफी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन महिला ने उन पर ही छत पर रखे सामान से हमला कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## मछली पालन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में लाभ लेने के लिये तरह-तरह के आरोप

**पूर्व सहायक संचालक की शिकायत तथा वर्तमान सहायक संचालक के द्वारा टाल-मटोल किये जाने को लेकर लगाया आरोप**

**पन्ना।**




केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के लिए एवं किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन संबंधित विभागों द्वारा सही ढंग से नहीं किया जा रहा है तथा योजनाओं में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल रहा जिनके द्वारा विभाग के अधिकारियों को रिश्वत दी जाती है उन्हीं लोगों को योजनाओं का लाभ मिलता है इसी प्रकार का मामला मछली पालन विभाग का सामने आया है विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है गुनौर विकासखंड अंतर्गत पटना तमोली ग्राम के निवासी बाबूलाल यादव ने बताया कि मेरे द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया गया था लेकिन तत्कालीन सहायक संचालक बीके सक्सेना द्वारा रिश्वत मांग की जाती रही रिश्वत न देने पर उनके द्वारा मेरे प्रकरण को स्वीकृत नहीं किया गया जिसकी शिकायत मेरे द्वारा जिला कलेक्टर लोकायुक्त भोपाल लोकायुक्त सागर सतर्कता आयोग भोपाल सहित अनेक एजेंसियों से की गई लेकिन उसके बावजूद संबंधित पर कोई कार्यवाही नहीं की गई वर्तमान समय में पदस्थ सहायक संचालक द्वारा भी इसी प्रकार टालमटोल किया जा रहा है आवेदक किसान बाबूलाल ने जिले के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों वरिष्ठ अधिकारियों से संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## जिला स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन का दिया प्रशिक्षण



**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भी प्रथम चरण में समस्त जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के संबंध में विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस क्रम में आज कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में संपन्न हुए प्रशिक्षण में संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक वैभव सोनी ने निर्धारित प्रक्रिया, मॉड्यूल सहित ई-ऑफिस की महत्ता व लाभ, इसके लागू होने से शासकीय कार्यों में आने वाली पारदर्शिता सहित शासकीय सेवकों की जवाबदेही निर्धारित होने के बारे में बताया। फाइल प्रबंधन सिस्टम के बारे में जानकारी प्रदान कर चरणवार रूप से लागू होने वाले मॉड्यूल तथा इस दिशा में शासन के नवाचार व कार्ययोजना एवं रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। डिमांस्ट्रेशन के जरिए ई-फाइल की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर प्राथमिता के साथ सर्वप्रथम संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के स्वयं के नाम से ई-मेल आईडी तैयार करने व ई-ऑफिस के पूर्व की कार्यवाही और एनआईसी को मानव संसाधन व आवश्यक कम्प्यूटर उपकरण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के बारे में अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थितजनों के प्रश्नों व शंकाओं का समाधान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था का क्रियान्वयन किया गया है। अब जिला स्तर पर शीघ्र ही ई-ऑफिस प्रणाली लागू होगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों में अवगत कराया गया है कि अब शासकीय कार्यालयों में पत्राचार एवं नस्तियां तैयार करने के दौरान हार्ड कॉपी की जरूरत नहीं होगी।

## भाजपा मंडल संगठन अमानगंज की बैठक संपन्न स्थापना दिवस के मौके पर घर-घर लहराएं पार्टी ध्वज

**अमानगंज।**





भारतीय जनता पार्टी मंडल संगठन अमानगंज की आज एक कामकाजी बैठक नगर के साई मंडप में भाजपा जिला मंत्री कमल लालवानी की प्रमुख उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुई जिसमें आगामी आयोजनों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को विधिवत जानकारी देते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा विस्तार से बताई कार्यक्रम के आयोजन में सबसे पहले संगठन के मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत जी के निवेदन पर भारत माता, श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रतिमाओ का पूजन रोरी पुष्पहार अर्पण करने के साथ आरंभ किया तड़पानात मंडल संगठन के पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री कमल जी लालवानी ने कहा कि 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी के पार्टी कार्यकर्ता का विशेष दिन है यह संगठन के निर्माण की तारीख है और यहां हर घर में अर्थात पार्टी कार्यकर्ता के हर घर में पार्टी का ध्वज लहराना इसका विशेष दायित्व होगा हर घर के साथ हर बूथ पर भी बूथ अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ व्यक्ति के माध्यम से पार्टी का ध्वज फहराना अध्यक्ष का विशेष कार्य होगा अपने 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले आयोजनों की विस्तार से जानकारी दी और उन्हें करने के निर्देश भी दिए इसके पहले मंगल संगठन के ऊर्जावान अध्यक्ष डॉ प्रशांत जी चतुर्वेदी ने मंडल संगठन की नई कार्य सीमा की जानकारी विस्तार से देते हुए उनमें आयोजन विधिवत मनाए जाने की अपील करने के साथ ही पार्टी के ध्वज पार्टी कार्यकर्ताओं में वितरित किए गए इसके पहले पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल जी रामलाल जी एवं नगर अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक जी द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए कार्यक्रम के अंत में दीपक यादव द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया और कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप अवस्थी द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने शाहनगर एवं पवई जनपद पंचायत में समीक्षा बैठक लेकर समयावधि में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**पन्ना।**



कलेक्टर सुरेश कुमार ने विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठकों के आयोजन के क्रम में गुरुवार को जनपद पंचायत शाहनगर एवं पवई पहुंचकर जनपद अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयावधि में कार्य पूर्णता के आवश्यक निर्देश दिए। जनपद पंचायत सभाकक्ष में हुई बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित कार्यपालन यंत्री आरईएस बी.डी. कोरी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा, संबंधित एसडीएम व जनपद पंचायत सीईओ, जिला एवं खंड स्तर के अन्य संबंधित अधिकारियों सहित सचिव और ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने समीक्षा बैठक में विभागवार चयनित एजेंडा एवं बिंदुओं पर समीक्षा कर आगामी तीन माह में शत प्रतिशत कार्य पूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की नियमित रूप से समीक्षा कर साप्ताहिक प्रगति से अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान में प्राचीन बावड़ी व कूप के जीर्णोद्धार तथा आवश्यकतानुसार नवीन कार्य कराने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने जलदूत पंजीयन कर फोटो अपलोड कराने सहित अटल सुशासन पंचायत भवन का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने, पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्राथमिकता से सर्वे कार्य पूर्ण कर तथा पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित कर उक्ताशय का शपथ पत्र भी संबंधित ग्राम पंचायत से प्राप्त करने एवं स्वीकृत समस्त आवासों की सूची का ग्राम पंचायत भवन में एक सप्ताह में दीवार लेखन कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित समग्र एवं पेंशन ई-केवाईसी कार्य में किसी भी समस्या पर ग्राम पंचायत द्वारा कारण सहित सूची अविलंब जनपद पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने संबल 2.0 योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर समस्त सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को तीन दिवस में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन पूर्ण करने सहित बंद नल जल योजनाओं को ग्राम पंचायत के माध्यम से दुरुस्त कर चालू कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा समस्त स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन का कार्य पूर्ण कराने एवं अप्रारंभ कार्यों को निरस्त कर राशि वापसी और ग्राम पंचायतों में इंटरनेट की दुरूस्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।


## 7 वर्ष से फरारी स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**अमानगंज।** पुलिस ने छतरपुर से आरोपी को किया गिरफ्तारठीक है।।अमानगंज पुलिस नें 07 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तारः- श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना द्वारा गिरफ्तारी / स्थाई वारण्टियो की अधिक अधिक से तामीली हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अमानगंज पुलिस को माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्र. 347/19 धारा 336,506,34 ताहि 25/27 आर्म्स एक्ट में 07 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी तालिब खान पिता रियाज खान उम्र 25 साल निवासी छतरपुर को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को हाऊसिंग बोर्ड कालोनी छतरपुर से गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया । **गिरफ्तार आरोपीगणः** तालिब खान पिता रियाज खान उम्र 25 साल निवासी छतरपुर। **सराहनीय योगदानः** थाना प्रभारी निरी. माधवी अग्निहोत्री , सउनि बुद्धीलाल कोल , प्रआर. राजीव मिश्रा , मुकेश सोनी , मुकेश शर्मा, आर. अरविन्द, सतीष, हेमा, आर. द्वारका प्रसाद, गिरधारी साहू ।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक के प्रयासों से माता बंबरबैनी मंदिर पवित्र क्षेत्र घोषित



**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन ने लवकुश नगर के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक माता बंबरबैनी मंदिर को पवित्र क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस खबर के बाद क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है। राजनगर क्षेत्र के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नाती राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में उन्होंने पत्र लिखकर माता बंबरबैनी मंदिर क्षेत्र एवं लवकुशनगर को पवित्र नगरी घोषित करने की मांग शासन से की थी। विधानसभा में भी यह प्रश्न मजबूती से उठाया गया जिसके तारतम्य में अब सरकार ने माता बंबरबैनी मंदिर क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित कर दिया है। गौरतलब है कि इस घोषणा के बाद मंदिर क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी आएगी और आसपास के क्षेत्र को गंदगी और अपवित्र सामग्री जैसे मांस, मदिरा आदि की दुकानों से दूर रखा जाएगा। पूर्व विधायक के इस प्रयास पर हुई कार्यवाही पर क्षेत्र की जनता ने आभार जताते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### सामाजिक चेतना केंद्रों तक पहुंचाई शिक्षण सामग्री



**छतरपुर।** 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए चलाए जा रहे उल्लास नव साक्षरता कार्यक्रम के तहत गांव गांव में सामाजिक चेतना केंद्र बनाए गए हैं। जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं जिला सीईओ तपस्या सिंह परिहार के मार्गदर्शन में सामाजिक चेतना केंद्रों तक पहुंचाने के लिए शिक्षण सामग्री का वितरण जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र निगम के द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि जिले से सभी ब्लाकों के विकासखंड सह समन्वयकों को सामग्री सौंपी गई। संकुल सह समन्वयकों के माध्यम से उक्त सामग्री ग्राम स्तर तक पहुंचाई जाएगी जहां नव साक्षर इसका उपयोग पढने लिखने में करेंगे। शिक्षण सामग्री में स्लैट, हिंदी वर्णमाला चार्ट, ब्लैक रोलर बोर्ड, बत्ती, चॉक आदि शामिल है। जिले भर में कुल 1563 सामाजिक चेतना केंद्र हैं। जिनमें 23445 स्लैट, 3126 हिन्दी वर्णमाला सहित चॉक व बत्ती के पैकेट भेजे गए हैं।

### अयोध्या की तर्ज पर सजा नगर, चल रही रामनवमीं की तैयारी



**महराजपुर।** संपूर्ण नगर इन दिनों अयोध्या की तर्ज पर सजा हुआ नजर आ रहा है। रामभक्त उत्साह के साथ नगर की साज-सज्जा और शोभायात्रा की तैयारी में जुटे हुए हैं। प्रतिदिन सुबह से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाती है और इसके बाद रामभक्त दिन भर तैयारी में जुटे रहते हैं। रामनवमीं महोत्सव के तहत नगर के बस स्टैंड पर सजा रामदबार लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। दीपू महाराज द्वारा प्रतिदिन रामदरबार में आरती की जा रही है। इस वर्ष के रामदरबार में अयोध्या तरह भगवान राम की बाल स्वरूप प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। नगर के सभी मार्गों को रंग-बिरंगी लाईअ और भगवा ध्वज से सजाया गया है। श्रीराम सेवा समिति महाराजपुर ने बताया कि 7 अप्रैल को आयोजित श्रीराम की शोभा यात्रा में बुंदेली परंपरा के अनुसार पीले चावल देकर लोगों को सपरिवार आमंत्रित किया जाता है।

# बाईक सवार युवक को बस ने रौंदा, मौके पर हुई मौत



**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र में एक बाईक सवार युवक को यात्री बस ने रौंद दिया, जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना जिले के गुलगंज थाना अंतर्गत आने वाले चौपरिया मंदिर के पास सागर-कानपुर हाईवे पर हुई है। घटना के बाद पुलिस, एंबुलेंस की सहायता से शव को जिला अस्पताल लेकर आई जहां पोस्टमार्टम किया गया।
मृतक के रिश्तेदार अरविंद सिंह परमार ने बताया कि टीकमगढ़ जिले के हटा गांव का रहने वाला 25 वर्षीय दिग्विजय सिंह बुंदेला अपनी बुलेट बाईक से छतरपुर आ रहा था, इसी दौरान चौपरिया मंदिर के पास तेज रफ्तार में आ रही गोल्डन कंपनी की बस क्रमांक एमपी 16 पी 0575 ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दिग्विजय बस के सामने जा गिरा और बस का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। गुलगंज थाना पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर लिया है, वहीं जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



## सड़क किनारे खड़ी बुजुर्ग महिला को बस ने कुचला, हालत गंभीर

**छतरपुर।** गुरुवार की सुबह शहर के जवाहर मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक के सामने यात्री बस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला के घायल होने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि बगराजन मंदिर के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला मुन्नी सोनी, पंजाब नेशनल बैंक के पास सड़क के किनारे पर खड़ी थी, तभी बस स्टैंड की ओर से आ रही श्याम ट्रैवल्स कंपनी की बस क्रमांक एमपी 16 पी 0266 के चालक की लापरवाही से मुन्नी बाई को टक्कर लग गई। टक्कर लगने के बाद मुन्नी बाई जमीन पर गिर गईं और बस का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग आनन-फानन में मुन्नीबाई को जिला अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। वहां घटना के बाद बस का चालक मौके से भाग निकला था। कोतवाली पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरु की है।

### पर्यटक ग्राम मऊसहानियां के गौरैया माता मंदिर में कल होगा विशाल कन्या भोज

**छतरपुर।** प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात नौगांव जनपद के पर्यटक ग्राम मऊसहानियां में पहाड़ी पर मौजूद गौरैया माता मंदिर इन दिनों चैत्र नवरात्रि के चलते भक्तों के लिए आस्था का केन्द्र बना हुआ है। हर रोज सैकड़ों भक्त पहाड़ी के दुर्गम मार्ग से मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष नवरात्रि के दौरान विशाल कन्याभोज का आयोजन किया जाता है, उसी क्रम में इस वर्ष भी शुक्रवार 4 अप्रैल को कन्याभोज होगा। आयोजन समिति की ओर से अभिषेक सैनी ने समस्त ग्रामवासियों से कन्याभोज में अपनी कन्याओं को भेजने तथा आयोजन में सहयोग कर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## शासकीय शिक्षिका की 3 संतान होने के कारण गई नौकरी

### संयुक्त संचालक ने जारी किया सेवा समाप्ति का आदेश

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम धमौरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक श्रीमती रंजीता साहू की वर्ष 2001 के बाद तीसरी संतान होने के कारण संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर-संभाग द्वारा श्रीमती साहू की शासकीय सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 22 दिसंबर 2022 को श्रीमती रंजीता साहू पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का प्रतिवेदन संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर को भेजा गया था। जिस पर 25 जुलाई 2023 को श्रीमति रंजीता साहू को पत्र भेजकर उत्तर मांगा गया। श्रीमति रंजीता



साहू ने 14 अगस्त को 2023 को जो जवाब विभाग को दिया, वह समाधानकारक नहीं था। विभाग ने मामले की जांच हेतु एक दल गठित किया। उक्त दल के द्वारा की गई जांच में श्रीमति रंजीता साहू को दिनांक 26 जनवरी 2001 के पश्चात तृतीय संतान होने की बात सही पाई गई जो कि मध्यप्रदेश पंचायत संविदा शाला (नियोजन एवं संविदा की शर्त) नियम 2005 की अनुसूची दो (ख)(9) का उल्लंघन है। इसके साथ ही श्रीमती साहू द्वारा अध्यापक पद पर रहते हुए शासकीय सेवा के दौरान तीसरी संतान के जन्म संबंधी तथ्य को छिपाने और स्कूल शिक्षा विभाग के नवीन कैडर में माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति, शासकीय योजनाओं के तहत सुविधाओं का लाभ लेने की बात भी सामने आई। गत 6 फरवरी 2025 को विभाग ने श्रीमती रंजीता साहू को कारण बताओ नोटिस भेजा था, जिसका जवाब उनके द्वारा संतोषजनक नहीं दिया गया। संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर-संभाग ने श्रीमती साहू के उक्त कृत्य को नियमों का उल्लंघन मानकर उनकी शासकीय सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है।

## रेत का अवैध परिवहन कर रहे 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

### सिविल लाइन थाना के हवाले किए गए जप्त वाहन

**छतरपुर।** गुरुवार को जिला मुख्यालय के दो स्थानों से एसडीएम और तहसीलदार ने रेत का अवैध परिवहन कर रहे 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त किए हैं। पंचनामा कार्रवाई के बाद जप्त वाहनों को सिविल लाइन थाना के हवाले किया गया है। राजस्व निरीक्षक अखिलेश बबेले ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से अधिकारियों को लगातार रेत का अवैध परिवहन किए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उक्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर गुरुवार को एसडीएम अखिल राठौर



और तहसीलदार संदीप तिवारी ने शहर के सटई रोड और पठापुर रोड पर दबिश दी। सटई रोड पर रेत का परिवहन करते मिले 5 ट्रैक्टरों को रोककर, चालकों से दस्तावेज में मांगे गए जो कि उनके पास नहीं मिले। इसके बाद अधिकारियों ने सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर सिविल लाइन थाना में रखवाया। कार्रवाई के दौरान आरआई देवेन्द्र पटैरिया, पटवारी पुष्पेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। जो वाहन जप्त किए गए हैं उनमें अरुण प्रताप सिंह के दो तथा रमाशंकर शुक्ला, देवेन्द्र मिश्रा और रूपकिशोर मिश्रा का एक-एक वाहन शामिल है।

## निजी स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार



**छतरपुर।** नया शिक्षण सत्र शुरु होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जिले के निजी स्कूलों की निगरानी शुरु कर दी गई है। जिला प्रशासन की मंशा अभिभावकों को विद्यालयों द्वारा बनाए जाने वाले अनैतिक दबाव से बचाना है। गुरुवार को एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार संदीप तिवारी ने जिला मुख्यालय के दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल और क्रिश्चियन स्कूल का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को किताबों और गणवेश का विक्रय न हो। इसके अलावा विद्यालय की फीस सहित अन्य सुविधाओं को भी जांच गया। एसडीएम श्री राठौर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मेला ग्राउंड में अभिभावकों के लिए पुस्तक एवं गणवेश मेला लगाया है। जिन किताब विक्रेताओं ने अभी तक मेले में अपने स्टॉल नहीं लगाए हैं, उन्हें स्टॉल लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## महिला अपराधों की रोकथाम के लिए छतरपुर पुलिस का नवाचार



### बेटी की पेटी अभियान के तहत एएसपी ने छात्राओं को किया जागरुक

**छतरपुर।** महिला अपराधों की रोकथाम के लिए छतरपुर पुलिस द्वारा नवाचार करते हुए बेटी की पेटी अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत शहर के 5 स्थानों पर शिकायत पेटी लगाई गई हैं। गुरुवार को एएसपी विदिता डागर ने एमएलबी स्कूल में लगाई गई शिकायत पेटी का शुभारंभ करते हुए छात्राओं को जागरुक किया। एएसपी विदिता डागर ने बताया कि आमतौर पर छात्राएं और महिलाएं स्वयं के साथ अपराध घटित होने के बावजूद पुलिस के पास जाने में हिचकिचाती हैं और पुलिस को उनके साथ हुए अपराध की जानकारी नहीं मिल पाती जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं की इसी समस्या को ध्यान में रखकर बेटी की पेटी अभियान शुरु किया गया है, जिसके तहत स्कूल, कॉलेजों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शिकायत पेटी लगवाई जा रही है। एएसपी ने बताया कि छात्राएं, महिलाएं अपनी शिकायतों को नाम सहित अथवा बिना नाम के इस पेटी में डाल सकती हैं। पुलिस टीम समय-समय पर इन पेटियों को खोलकर शिकायतों पर कार्रवाई करेगी। एमलएलबी स्कूल में लगाई गई बेटी की पेटी का शुभारंभ करते हुए एएसपी विदित डागर ने छात्राओं को साईबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, नशावृत्ति, यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एएसपी ने कहा कि- अभियान के प्रथम चरण में अभी चिन्हित स्थानों पर बेटी की पेटी लगवाई जा रही है। अगले चरण में जिले के सभी स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर यह अभियान चलाया जाएगा।

## पुराने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें एवं निरंतर कोर्ट में पेशी लगवाएंः कलेक्टर



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला पंचातय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरण रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए नौगांव, बिजावर एसडीएम को 1 साल पुराने केसों को बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनगर एसडीएम को 1 साल पुराने केस के संबंध में फाइल नहीं मिलने पर संबंधित बाबू पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एसडीएम पुराने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें एवं निरंतर कोर्ट लगाकर पेशी लगवाएं और केस 3, 4 पेशी में निराकरण करें।

## जिले के उपार्जन केन्द्रों पर शुरु हुई खरीदी

**छतरपुर।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले में बनाए गए उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी का कार्य शुरु हो गया है। जिले के सभी केन्द्रों पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार किसानों के लिए छाया, पानी के समुचित इंतजाम किए गए हैं। बीते रोज जिले की दो मंडियों में बनाए गए 4 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों ने अपनी उपज का विक्रय किया। जिला आपूर्ति अधिकारी ने किसानों से केन्द्रों पर अपनी उपज का विक्रय कर लाभ लेने की अपील की है। जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे ने बताया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए जिले में इस वर्ष 80 केन्द्रों बनाए गए हैं, जिन पर किसानों की उपज को खरीदने, उनके रुकने और पेयजल जैसे पुख्ता इंतजाम हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक जिले के कुल 27 हजार 252 किसानों ने उपज विक्रय के लिए पंजीयन कराए हैं जिनसे 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जाएगी। 15 मार्च से केन्द्रों पर खरीदी शुरु हो गई थी लेकिन अभी कटाई का समय होने के कारण किसान केन्द्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते रोज छतरपुर मंडी में बनाए गए दो केन्द्रों और लवकुशनगर मंडी के दो केन्द्रों पर कुछ किसान इस सीजन में पहली बार उपज विक्रय करने पहुंचे। श्री कोठारे ने किसानों से आग्रह किया है वे अपनी उपज को ठीक से साफ करने के बाद सुखाकर केन्द्रों पर लाए ताकि उपज विक्रय में उन्हें असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि किसान द्वारा स्लॉट बुक किए जाने के बाद अगले 6 दिनों में उनकी उपज को खरीदा जाएगा।



### प्रभावित ग्रामीणों ने रोका ढौंढन बांध का निर्माण कार्य बोले- पहले समस्याओं का निराकरण करें, फिर काम करें



**बमीठा।** सरकार की केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत ढौंढन बांध का निर्माण शुरु होने के बाद प्रभावित ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। गुरुवार को ग्राम पंचायत खरियानी, पलकौंहा और सुकवाहा के दर्जनों ग्रामीणों ने ढौंढन बांध निर्माण स्थल पर पहुंचकर काम रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उन्हें मिलने वाले मुआवजे की राशि निर्धारित नहीं होगी और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक वे काम नहीं करने देंगे। अगर निर्माण कंपनी ने जबरन काम करने का प्रयास किया तो आंदोलन किया जाएगा। निर्माण कार्य पर आपत्ति जाहिर करने वाले ग्रामीणों का कहना था कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत ढौंढन बांध का निर्माण शुरु होने से जंगली जानवर गांव में पहुंच रहे हैं, जिनकी रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यह जानवर गांव में घुसकर ग्रामीणों और मवेशियों को घायल कर रहे हैं। इसके अलावा कई बार आवेदन, निवेदन के बावजूद प्रभावित ग्रामीणों को मिलने वाली पैकेज राशि (मुआवजा) निर्धारित नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि विस्थापन से पहले उन्हें पैकेज राशि और भूमि प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा सूची में से प्रशासन स्तर पर पंचायत की सहमति के बिना नाम काटे जा रहे हैं, जो कि गलत है। कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य में स्थानीय लोगों को रोजगार की प्राथमिकता भी नहीं दी जा रही है। कंपनी बाहर के लोगों तथा उनके वाहनों को काम में लगा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जब तक उनकी मांगों का निराकरण नहीं होता तब तक काम शुरु न किया जाए।

## खबर संक्षेप

### 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा स्थगित

**रीवा ।** सुप्रसिद्ध भागवताचार्य आशीषाचार्य जी महाराज वृन्दावन ने अपने भक्तों को अवगत कराया है कि 1 अप्रैल को सुबह 4:30 बजे सुपर स्पेशलिटी रीवा में दादी जी का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण शुभ तिथि 8 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक सिद्ध पीठ पुरनमानाथ धाम अमवा में होने वाली विशाल श्रीमद् भागवत कथा को कुछ समय के लिए आगे बढ़ा दिया गया है ठीक इसी प्रकार आगामी कथाएं होने वाली को भी आगे बढ़ा दिया गया है इस प्रकार जैसे है इस सब के बारे में कुछ अपडेट आएगा तो सभी कथा भक्तों को इस सब के बारे में सूचना भागवत यात्रा परिवार रजि.. वृंदावन एवं भागवत कार्यालय द्वारा बता दिया जाएगा ,भक्तों की अटूट आस्था के चलते महाराज जी ने की सभी भक्त लोग से घर में ही भगवान की कथा श्रवण करें और भगवान का भजन करें जैसे ही डेट फाइनल होगी पुनः अवगत करा दिया जाएगा, पूज्य महाराज श्री ने ठाकुर जी से प्रार्थना की अपने श्रीचरणों में मेरी दादी जी को स्थान दें उनकी आत्मा को शांति मिले।

### गौमांस की बिक्री करते महिला को पुलिस ने पकड़ा बजरंग दल ने दी थी सूचना



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित कुठुलिया में गौमांस की बिक्री करते हुए एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दे कि यह कार्रवाई बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की शिकायत पर की गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि महिला को रंगे हाथ गौमांस के साथ पकड़ा गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं के अनुसार, बुधवार की सुबह एक संदिग्ध महिला को देखा गया, जो झोले में गौमांस लेकर बिक्री करने के लिए जा रही थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, और पुलिस टीम ने महिला को पकड़ लिया। महिला के पास से गौमांस बरामद किया गया, लेकिन उसने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मांस कहां से प्राप्त किया था। पुलिस ने महिला को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला ने गौमांस कहां से प्राप्त किया और क्या इसकी बिक्री का कोई नेटवर्क था।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने सोमनाथ स्वामी मंदिर पहुंचकर किए दर्शन, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**रीवा ।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को सोमनाथ स्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि उनके साथ उपस्थित रहे। मंदिर दर्शन के पश्चात कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष लवकुश सिंह के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल मंत्री नावेंद्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, सरपंच संतोष मिश्रा, महामंत्री निवास साकेत, सरपंच विश्राम यादव, संविदाकार देवेन्द्र मिश्रा, पूर्व मंडल संयोजक राजेश शुक्ला, बूथ अध्यक्ष दिनेश साहू, विजय तिवारी (देवगाँव), बूथ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह और मुनिराज साकेत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने तेंदूखेड़ा भ्रमण के दौरान तेन्दूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत गेहूं उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति सांगा मंडी प्रागण तेन्दूखेडा एवं सेवा सहकारी समिति तेन्दूखेडा मंडी गोदाम तेन्दूखेडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन संबंधी समुचित व्यवस्थाएं करने हेतु उपार्जन केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया।

## बंदूक की नोक पर रिटायर्ड कर्मचारी के घर में घुसकर बंधक बनाकर 30 लाख की लूट, चोरहटा थाने के चंद किलोमीटर दूरी पर हुई वारदात

रीवा



शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रमकुई गांव में बेटी के विवाह के ठीक पहले पिता को बंधक बनाकर बाइक सवार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर तकरीबन 30 तोला सोना और दो लाख रुपये नगदी लूट की वारदात को अंजाम दिया है, लूट की इस घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं, वहीं घटना की सूचना पर एसपी विवेक सिंह, एएसपी अनिल सोनकर सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा है और बदमाशों की पताशाजी में जुट गया है। मिली जानकारी अनुसार बता दे कि रमाशंकर सिंह तिवारी जो मनेंद्रगढ़ के चोंगा पानी स्थिति कोल माइंस से रिटायर कर्मचारी हैं। बताया गया कि रमाशंकर सिंह का मकान रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रमकुई गांव में बना हुआ है,आगामी 17 अप्रैल को उनके बेटी का विवाह है जिसकी तैयारियां घर में चल रही थी और इसी का सामान लेने परिवार के सभी सदस्य शहडोल गए हुए थे जबकि रमाशंकर सिंह तिवारी घर में अकेले थे, उन्होंने बताया कि बीती शाम तकरीबन 7:30 बजे बाइक में सवार तीन युवक उनके घर आए और दरवाजे को खटखटाया। जब वह बाहर निकले तो युवकों ने बताया कि उनके बेटे राहुल का फोन नहीं लग रहा है जिससे उनका कुछ काम था, इस दौरान बातचीत हुई और बातचीत के दौरान ही आरोपियों ने रमाशंकर सिंह से पीने के लिए पानी मांगा और जैसे ही उन्होंने घर का दरवाजा खोला, तभी आरोपियों ने उनके कनपटी पर कट्टा लगा दिया और उन्हें पड़कर अंदर ले जाए,इस दौरान बदमाशों ने हाथ में ग्लब्स पहने और लूट की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया है कि आरोपियों ने बेटी के विवाह के लिए रखे गए 30 तोला सोने के जेवरात सहित 2 लाख रुपए की नगदी और बेटी के विवाह का ट्रॉली बैग लेकर बाइक से फरार हो गए हैं वही जाते वक्त आरोपियों ने घर के बाहर ताला लगा दिया था जिसकी चाबी घर के अंदर ही फेंक दी थी और जाते जाते धमकी दी कि हमारा शूटर बाहर खड़ा है अगर 2 घंटे के पहले बाहर निकले तो तुम्हें गोली मार दी जाएगी, फिलहाल पीड़ित द्वारा किसी प्रकार घर से निकलकर घटना की सूचना चोरहटा पुलिस को दी गई है, जिसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और बदमाशों की पताशाजी में लगे हुए हैं। वही पीड़ित रमाशंकर सिंह की माने तो अज्ञात बदमाशों ने तकरीबन 30 से 35 लाख रुपए तक की लूट की वारदात को अंजाम दिया है,फिलहाल घटना के बाद से इलाके में सनाका खिंच गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## गैंग रेप मामले में सभी आरोपियों को उम्रकैद

### वारदात के 133 वें दिन चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला



**रीवा।** जिले के गुढ़ के भैरवबाबा मंदिर के समीप गैंगरेप मामले में रीवा न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुये महज 133 दिन सभी दोषियों को ताउम्र (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। अंतिम सांस तक जेल में सजा भोगने का दण्ड दिया है। मा. चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश रीवा श्रीमती पदमा जावट की अदालत ने उक्त फैसला आरोपियों के विरूद्ध प्रस्तुत किये गये सबूतों और गवाहों के मद्देनजर दोषी पाते हुये सुनाया है, आरोपियों ने पति को बंधक बनाकर पत्नी के साथ गैंगरेप किया था। प्रकरण की सुनवाई के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें अभियोजन की और से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक एड. विकास द्विवेदी ने की। न्यायालय में 24 साक्षियों के कथन कराए गए। पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। कोर्ट ने साक्षियों के कथन और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों पर अपराध सिद्ध पाया। प्रत्येक दोषी पर 2.30 लाख रुपए और एक घर 2.31 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि से पीड़िता को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का आदेश कोर्ट ने जारी किया है।बॉक्स ये आरोपियों को मिली सजा पति को बंधक बनाकर पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आठ आरोपियों को मा. न्यायालय ने दोषी ठहराते हुये उम्र कैद की सजा सुनाई है,जिन दोषियों को सजा सुनायी गयी उनमें रामजी उर्फ रामकिसी कोरी पिता रामकुमार कोरी उम्र 28 वर्ष, रावेश गुप्ता, पिता रामावतार गुप्ता उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गुढ़ वार्ड क्रमांक 08 थाना गुढ़, गरूण कोरी पिता रामदरश कोरी उम्र 21 वर्ष, लवकुश कोरी पिता बिहारी लाल कोरी उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जोरौठ थाना नईगढ़ी, राजेन्द्र कोरी पिता शिवचरण कोरी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ वार्ड क्र.8, दीपक कोरी पिता शिवचरण कोरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ वार्ड क्र.8. सुशील कोरीपिता गजाधर कोरी उम्र 20 वर्ष निवासी खुखड़ा थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना एवं रजनीश कोरी पिता रामभान कोरी उम्र 20 वर्ष शामिल हैं।



## हत्या के मामले में जमानत में बाहर आई महिला ने घर में की आत्महत्या, बिछिय क्षेत्र का मामला

**रीवा।** जिले मे पति की हत्या के मामले मे जेल काट रही महिला जमानत में आने के बाद अपने घर में आत्महत्या कर ली,बता दे कि महिला ने फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली,बताया गया कि बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत करीब 6 वर्ष पूर्व शब्बीर खान की मौत हो गई। जिसके बाद पत्नी पर पति की हत्या के आरोप मे महिला को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था जहां से उसे जेल भेजा दिया गया था,मिली जानकारी अनुसार पति की हत्या के आरोप में जेल काट रही महिला जब जेल से जमानत पर बाहर आई तो उसने आत्मघाती कदम उठा लिया जिसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद बिछिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां से मृतका के शव को पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतका हबीबुन निशा अपने पति शब्बीर खान की हत्या के आरोप में जेल हुई थी कई वर्ष जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आई और फांसी के फंदे पर झूल गई। वही मृतका की मां का कहना है कि बीती शाम मंगलवार को तकरीबन 7 बजे वह दवा लेने के लिए चली गई जबकि हबीबुन निशा घर में अपने बच्ची के साथ अकेली थी, जब वह घर वापस आई तो हबीबुन निशा फांसी के फंदे पर झूल रही थी, फिलहाल बुधवार को पुलिस ने शव को पीएम के उपरांत परिजनों को सौप दिया है, वहीं पुलिस अब पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच रही है।

## करहिया शराब दुकान को हटाने के खिलाफ महिलाओं ने किया विरोध धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध, अधिकारियों आश्वासन के हुआ खत्म

**रीवा।** नए वित्तीय वर्ष के आरंभ होते ही जिलेभर में शराब दुकानों के स्थान परिवर्तन को लेकर विरोध की लहर तेज हो गई है। जहां एक ओर प्रशासन इसे एक जरूरी कदम मान रहा है, वहीं दूसरी ओर लोग और जनप्रतिनिधि इसे लेकर विरोध जता रहे हैं। मऊगंज और रीवा जिले के विभिन्न स्थानों पर शराब दुकानों के स्थानांतरण के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मऊगंज के चाकघाट क्षेत्र की आधा दर्जन शराब दुकानों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहा है, जबकि रीवा शहर और ग्रामीण इलाकों में भी इस मुद्दे को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। रीवा शहर के करहिया क्षेत्र में महिलाओं ने शराब दुकान के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। मंगलवार से करहिया में महिलाओं द्वारा चलाए गए इस विरोध प्रदर्शन में महिलाएं शराब दुकान के सामने बैठकर भजन कीर्तन कर रही थीं और अपने विरोध का इज़हार कर रही थीं। महिलाओं का कहना था कि जब तक यहां स्थित शराब दुकान को हटाया नहीं जाता, तब तक वे धरना स्थल से हिलने वाली नहीं हैं। उनका आरोप था कि शराब दुकान के ठेका लेने वालों ने उन्हें धमकी भी दी है, लेकिन वे अपने हक की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगी। विरोध प्रदर्शन के बीच बुधवार को प्रशासन की ओर से अधिकारियों का एक दल मौके पर पहुंचा और महिलाओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया है, अधिकारियों ने कहा



कि उनकी मांग पर उचित कदम उठाए जाएंगे, जिसके बाद महिलाएं अपना विरोध स्थगित करने को तैयार हुईं। इस आश्वासन के बाद महिलाएं शांतिपूर्वक धरना समाप्त करने पर सहमत हो गईं। वहीं, शहर के अन्य क्षेत्रों में भी शराब दुकानों के खिलाफ विरोध की आवाज उठ रही है। रीवा शहर के वार्ड 6 में स्थित झिरिया में भी शराब दुकान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहा है। झिरिया क्षेत्र की महिलाएं और स्थानीय निवासी शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा, बिछिया स्थित एसएफ चौराहे पर संचालित कंपोजिट शराब दुकान को लेकर भी विरोध शुरू हो गया है। इस मामले में, वार्ड पार्षद सुफिया बेगम और मेयर इन काउंसिल की सदस्य सुफिया बेगम के प्रतिनिधि सहफूज खान ने भी प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शराब दुकान को नहीं हटाया गया तो वे विरोध को और तेज करेंगे।

## बिना जानकारी के महिला के नाम फाइनेंस हो गया मोबाइल, महिला ने अमहिया पुलिस से की शिकायत




**रीवा।** जिले के रतहरा थाना क्षेत्र की माया देवी धोखाधड़ी का शिकार हो गई। उन्हें घटना का पता तथ चला जब मई 2024 में एचडीएफसी बैंक से फोन आया, जिसमें उनके नाम पर मोबाइल फाइनेंस होने को जानकारी दी गई। पीड़ित माया देवी पटेल ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत अमहिया पुलिस से की है। पीड़िता ने बताया कि उसे इसका पता तब चला जब मई 2024 में एचडीएफसी बैंक से उन्हें फोन आया, जिसमें उनके नाम पर मोबाइल फाइनेंस होने की जानकारी दी गई। जब उन्होंने मामले की छानबीन की तो पता चला कि उनके नाम पर इक्काटास स्मॉल फाइनेंस बैंक रीवा में एक फर्जी खाता खोला गया था। जहा से किसी ने उनके नाम पर आईफोन 14 प्लस फाइनेंस करवा लिया था। महिला की शिकायत पर अमहिया पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। माया देवी ने बताया, 12 सितंबर 2023 को वे अपने परिचित पटेल और समीर पटेल से मोबाइल फाइनेंस करवाने को कहा था। ये कीमा सेंटर उर्रहट गए, जहां कर्मचारी ने आधार कार्ड और पेन कार्ड चेक किया था। हालांकि वहां पाहा चला कि उनके नाम पर पहले से एक फाइनेंस चल रहा है, जिसने मोबाइल फाइनेंस में असमर्थता जताई थी। उनके दस्तावेज की छापापति वहीं रह गई थी। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि धोखाधड़ी की जांच की जा रही है। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी की जांच की जा रही है।

## नियमित सुनवाई करके एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण निराकृत करें - कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की सभी शिकायतें तीन दिन में निराकृत करें

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी एक वर्ष से अधिक सभी प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके उनका इस माह निराकरण सुनिश्चित करें। लंबित प्रकरणों में समय सीमा में प्रतिवेदन दर्ज कराएं। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित राजस्व प्रकरणों का विशेष प्रयास करके सात दिवस में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में भी 50 दिन से अधिक शिकायतों का तीन दिन में निराकरण न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी राजस्व अधिकारी विभागीय कार्यों के साथ-साथ अपने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दें। त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था की कड़ी निगरानी करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को तहसीलदार स्वयं पढ़कर उनमें तथ्यपरक प्रतिवेदन दर्ज करें। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण तथा प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें। समय सीमा के प्रकरण निराकृत न होने पर संबंधित अधिकारियों पर अर्थदण्ड लगाएं। सभी एसडीएम जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए जा रहे अमृत सरोवरों को खसरे में दर्ज कराएं। जल संसाधन विभाग की सभी नहरों को भी खसरे में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करके खाद्यान्न का वितरण कराने के साथ-साथ 30 अप्रैल तक सभी राशन कार्डधारियों की ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले सेल्समैनों तथा सहायक आपूर्ति अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। ई केवाईसी न कराने पर 15 अप्रैल के बाद खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा। एसडीएम 15 अप्रैल तक ई केवाईसी न कराने वाले राशन कार्डधारियों का नाम पृथक करने की कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना के तहत आरओआर सर्वे तथा ग्राउण्ड ट्रुथिंग का कार्य समय पर पूरा कराएं। पात्र हितग्राहियों को भू अधिकार पत्रों का



समारोहपूर्वक वितरण कराएं। सभी वक्फ सम्पत्तियों का चिन्हांकन कर लिया गया है। इनका सत्यापन करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। प्राकृतिक आपदा में राहत राशि जारी करने के संबंध में शासन द्वारा मदवार निर्धारण कर दिया गया है। नये निर्देशों के अनुरूप राहत राशि के लंबित सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी अपडेशन तथा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी प्राथमिकता से कराएं। पटवारियों की ड्यूटी लगाकर निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार ई केवाईसी अपडेट कराएं। गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत सभी किसानों के रकबे का अनिवार्य रूप से सत्यापन करें। सभी राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों पर भी निगरानी रखें। प्राकृतिक आपदा की सूचना मिलने पर तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने धारणाधिकार योजना, ऑडिट कंडिकाओं के निराकरण, न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाब दावा दायर करने, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा गेंहू उपार्जन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवागत आईजी के आते ही सड़कों पर दिखने लगी पुलिस अब बाइक से शहर के तंग गलियों में भ्रमण करेगी पुलिस



**रीवा।** रीवा जोन पुलिस की कार्यप्रणाली इन दिनों अचानक बदल गई है, लग्जरी वाहनों में घूमने वाली पुलिस अब दो पहिया वाहनों गश्त करते नजर आ रही है, जो गली मोहल्लों में गश्त कर रही है, कारण है नवागत पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत की पदस्थापन, बता दें कि नवजात आईजी की पदस्थापना मुख्यालय द्वारा की गई है पदस्थापन होने के बाद ही आईजी गौरव राजपूत ने रीवा जोन के पुलिसिंग व्यवस्था में बदलाव लाने के संकेत दिए थे, जो पदस्थापन होने के बाद 48 घंटे में ही नजर भी आने लगा है, इस बदलाव की तस्वीर रीवा संभाग के अलग-अलग जिलों में नजर आई है। दरअसल अब तक पुलिस तंग गलियों में भीड़ भाड़ इलाकों में लक्जरी वाहनों से गश्त करते नजर आती थी जो अब दो पहिया वाहनों में नजर आ रही है, नवजात आईजी गौरव राजपूत द्वारा पुलिस को सीधा आम लोगों तक पहुंचाने व संवाद स्थापित करने के लिए यह प्रयोग किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत का मानना है कि इस प्रयोग से पुलिस आसानी से जनता से संवाद स्थापित कर पाएगी और गली मोहल्ले में उपद्र मचाने वाले बदमाशों तक आसानी से पहुंच पाएगी। इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया हैं। जिसके बाद हर थाने से चार-चार टीमों का गठन किया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्र में बाइक से भ्रमण करेगी। यह टीमें प्रतिदिन शाम 7 बजे से देर रात तक तंग गलियों में भी गश्त करेंगी। इस दौरान नशेड़ी व्यक्तियों की पहचान कर उन पर कारवाई की जाएगी।वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाएगी। 9 बिंदुओं पर जांच की जायेगी। पुलिस ने चेकिंग लगाकर नियमों के पालन की समझाइश देगी, इसके बाद जिन वाहन चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी की जाएगी उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसमें बिना बीमा, फिटनेस, 15 वर्ष से पुराने वाहनों के लाइसेंस का नवीनीकरण, नियम विरुद्ध ईरिक्सा चालकों की आरपी, हेलमेट, ओवर स्पीड, डिक एण्ड ड्राइव व पीयूसी सर्टिफिकेट शामिल है।बॉक्स पुलिस अब 5 घण्टे करेगी नियमित गश्तनवागत आइजी गौरव राजपूत रीवा जोन ने बुधवार को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। उन्होंने जिलावार अपराधों की समीक्षा की और पुलिस कार्रवाई की जानकारी ली। अपहृत नायालिग बच्चों को बरामद करने के लिए विशेष अभियान शुरू करने निर्देश दिया। इसके तहत सभी जिलों में विशेष टीमें गठित की जाएंगी, जो नाबालिग बच्चों को सकुशल उनके परिजनों को सौपेंगी। आइजी ने रात्रि गश्त को अनिवार्य करते हुए निर्देश दिए कि पुलिस बल संवेदनशील क्षेत्रों में शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक नियमित गश्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का समाधान, समाधान, माइक्रोबोट माइक्रोबीट सिस्टम के पालन, स्कूल-कॉलेज के आसपास सतर्कता, साइक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और ट्रैफिक नियमों के कड़ाई से पालन का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर प्रभावी उपाय लागू किए जाएंगे। ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए सख्ती बरती जाएगी साथ ही साइबर क्राइम, महिला अपराध और अन्य गंभीर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। आईजी गौरव राजपूत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है।



## प्रत्येक बूथ पर भव्यता के साथ मनाया जाएगा स्थापना दिवस- राजेंद्र मिश्रा

मऊगंज



भाजपा जिला कार्यालय मऊगंज में आयोजित जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष मऊगंज डॉ राजेंद्र मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की।बताया गया है कि 6 अप्रैल को जिले के सभी 518 मतदान केंद्रों में उत्साह के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 7 से 13 अप्रैल तक मंडल अध्यक्ष,जिलापदाधिकारी, एवं सभी श्रेणी के जनप्रतिनिधि गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत बूथ प्रवास करेंगे। 14 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा, जिलाप्रभारी के के तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष विपिन मिश्रा, जयप्रकाश मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, उर्मिला सिंह, अवध बिहारी पाण्डेय, पंकज पाण्डेय जिलामहा मंत्री महेंद्र सिंह, सरिता पटेल आर शैलानी, जिला मंत्री सनद पटेल, राममंणी शुक्ला, बरिष्ठ नेत्री संतोष सिंह मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मुरलीधर द्विवेदी, मुन्द्रिका पटेल, विनोद कोल, नागेंद्र पटेल लवकुश सिंह मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा सह प्रभारी राजाराम गुप्ता कार्यालय मंत्री भरत पाण्डेय कोषाध्यक्ष मनोज सिंह चंद्र कांत मिश्रा संतोष अवधिया नईगढ़ी नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता, हनुमना अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता उपस्थित रहे

## विंध्य आउटसोर्स कर्मचारी संगठन द्वारा मऊगंज जिले में कार्यकारणी भंग

### वितरण केंद्र स्तर से वितरण केंद्र अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी



**मऊगंज।** वितरण केंद्र नईगढ़ी में 19 कर्मचारी सदस्यता लेते हुए सर्व सहमति से विनोद मिश्रा को डीसी अध्यक्ष और सूर्यकांत मिश्रा को डीसी उपाध्यक्ष के रूप में चुना है जिसके बाद सभी कर्मचारियों के चेहरों पर संगठन के इस निर्णय और नव पदाधिकारियों के चुने जाने पर खुशियां देखने को मिली।मऊगंज जिले अंतर्गत सभी डीसी में पदाधिकारियों के चुनाव और संगठन के नींव की जिम्मा उठाए आर्यन जायसवाल ने कहा प्रत्येक डीसी में नए शिरे से नए पदाधिकारियों को सभी कर्मचारियों के समर्थन से नया क्रांतिकारी को लाकर आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ शोषण होने पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रदेश मीडिया प्रभारी जायसवाल ने कहा कि इसी तरह 5 अप्रैल को देवतालाब डीसी7 अप्रैल को मऊगंज डीसी 9 अप्रैल को हनुमना डीसी एवं 11 अप्रैल को ढेरा डीसी में डीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होना है इसके बाद जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए नई तारीख बताई जाएगी।